# कार्यालय अतिरिक्त निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग,संभाग कोटा

फोन / फैक्स : 0744–2322576 E-Mail: add.kot.sipf@rajasthan.gov.in


क्रमांक : प.(.....) / अतिनिको / लेखा / क्रय / कम्प्यूटर उपकरण / 2022–23 / 1629 दिनांक : 14/12/2022

## खुली प्रतियोगी बोली आमन्त्रण–सूचना (एन.आई.बी.)

(उपापन संख्या ......... / 2022–23)

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस कार्यालय को निम्नांकित सामग्री / उपकरण की आपूर्ति एवंस्थापना कार्य हेतु अनुभवी इच्छुक अधिकृत निर्माता / उत्पादक / वितरकों / आपूर्तिकर्ताओंसे **द्विभाग पद्धति से पृथक–पृथक** सीलबन्द लिफाफों में **तकनीकी एवं वित्तीय बोलियॉं** आमन्त्रित की जाती हैं :–

(राशि रू.में)

| क्र. सं. | उपकरण / सामग्री / विशिष्टियॉं | अनुमानित लागत | बोली प्रतिभूति राशि | बोली प्रपत्र शुल्क | बोली वैधता अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | **कार्यालय में कम्प्यूटर एवं प्रिन्टर आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य 2022–23** | | 2300 / – | 500 / – | खोलने की दिनांक से 90 दिवस |
| | 01 कम्प्यूटर विस्तृत विशिष्टियॉं संलग्न हैं | 90000 / – | | | |
| | 01 प्रिन्टर विस्तृत विशिष्टियॉं संलग्न हैं | 25000 / – | | | |
| | **योग** | **115000 / –** | | | |

| क्र. सं | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | बोली एस.पी.पी.पी. पर प्रकाशन की दिनांक | 15.12.2022 | प्रातः 11–00 बजे |
| 2. | बोली समाचार पत्र में प्रकाशन की दिनांक | 18.12.2022 | |
| 4. | बोली प्रपत्र कार्यालय से बेचने की अवधि (बोली प्रपत्र स्टेट पब्लिक प्रॉकरमेन्ट पोर्टल से भी डाउनलोड कर प्राप्त किए जा सकते हैं) | 15.12.2022 से 22.12.2022 | सायं 05–00 बजे तक |
| 5. | बोलियॉं कार्यालय में प्रस्तुत करने की अन्तिम दिनांक व समय | 23.12.2022 | दोपहर 12–00 बजे तक |
| 6. | तकनीकी बोली खोलने की दिनांक व समय | 23.12.2022 | सायं 03–00 बजे |

1. बोली प्रपत्र शुल्क एवं2 प्रतिशत बोली प्रतिभूति राशि का ई–चालान / डी0डी / बैकर चैक जो अतिरिक्त निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, संभाग,कोटा के पक्ष मे देय हो, मूल ही अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में बोली खोलने से पूर्व कार्यदिवस के दौरान कार्यालय समय में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा जिसका उल्लेख तकनीकी बोली के लिफाफे पर भी अनिवार्य रूप से किया जावे । इसके अभाव में तकनीकी बोली का लिफाफा नहीं खोला जा सकेगा ।

2. बोलीदाता द्वाराबोली के सम्बन्ध में कोई भी सुझाव / आपत्ति लिखित में बोली प्रस्तुत करने की निर्धारित अन्तिम दिनांक से न्यूनतम तीन कार्यदिवस पूर्व तक कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष व्यक्तिशः प्रस्तुत करनी है जिस पर उपापन संस्था विचार कर निर्णय करेगी । **उपापन संस्था का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।**

3. बोली आमंत्रण सूचना एवं प्रपत्र का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। सूचना का प्रकाशन नियमानुसार समाचार पत्र / पत्रों में भी किया जा रहा है । किसी भी पूछताछ हेतु कार्यालय समय में सम्पर्क किया जा सकता है।

(दीपिका मित्तल)
अतिरिक्त निदेशक,
राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग,
संभाग, कोटा

क्रमांक : प.(.....) / अतिनिको / लेखा / क्रय / कम्प्यूटर उपकरण / 2022–23 /    दिनांक :

**प्रतिलिपिः**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. श्रीमान निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय, राजस्थान, जयपुर
2. नोटिस बोर्ड कार्यालय / अधीनस्थ कार्यालय
3. रोकड़पाल,कार्यालय हाजा।
4. आई.टी. शाखा कार्यालय हाजावेबसाईट www.sppp.raj.nic.inपरबोली आमन्त्रण सूचना के साथ सम्पूर्ण बोली प्रपत्र प्रकाशन करने हेतु।

(दीपिका मित्तल)
अतिरिक्त निदेशक,
राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग,
संभाग, कोटा

# कार्यालय अतिरिक्त निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग,संभाग कोटा

## खुली प्रतियोगीबोली–प्रपत्र (तकनीकी बोली)

(उपापन संख्या......../2022–23)

**कार्य का नामः– कार्यालय में कम्प्यूटर एवं प्रिन्टर आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य 2022–23**

1. बोलीदाता का नाम व स्थाई पता, दूरभाष संख्या एवं ई–मेल पता ..........................................................................
..........................................................................................................................................................................
..........................................................................................................................................................................
..........................................................................................................

2. बोली प्रपत्र शुल्क राशि रू. 500/–का डी.डी./बैंकर चैक संख्या..............................................दिनांक......................................

3. बोली प्रतिभूति राशि रू. 6500/–का डी.डी./बैंकर चैक संख्या..............................................दिनांक......................................

4. बोलीदाता की तकनीकी योग्यता सम्बन्धित सामान्य कसौटियॉं :–

| क्र. सं. | वांछित प्रपत्र/कसौटियॉं | संलग्न पृष्ठों की संख्या | संलग्नक क्रमांक |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | जी.एस.टी. पंजीकरण स्व प्रमाणित प्रति संलग्न करें | | |
| 2. | आयकर स्थायी खाता संख्या | | |
| 3. | केन्सिल चैक | | |
| 4. | बोली प्रतिभूति से छूट चाहने की स्थिति में अधिकृत संस्थान से एम. एस.एम.ई./रूग्ण औद्योगिक इकाई का नवीनतम प्रमाण पत्र संलग्न करें | | |
| 5. | उपापन की विषयवस्तु के व्यवसाय हेतु अधिकृत संस्था से जारी नवीनीकृत प्रमाण पत्र | | |
| 6.. | उपापन की विषयवस्तु के व्यवसाय में कार्य से सम्बन्धित न्यूनतम गत तीन वर्ष के दौरान व्यावसायिक टर्नओवर का सनदी लेखाकार का प्रमाण पत्र | | |
| 7.. | विषयवस्तु की संलग्न विशिष्टियों के अनुरूप उत्पादक का प्रस्तावित नवीनतम कैटेलॉग एवं मूल उत्पादक की दरसूची बोलीदाता प्रस्तुत करें | | |
| | | | |

टिप्पणी :–छायाप्रतियॉंस्वयं द्वारा सत्यापित करना अनिवार्य है। मांगने पर मूल दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा ।सामग्री/उपकरणों की विस्तृत विशिष्टियॉं तकनीकी बोली प्रपत्र के साथ संलग्न **Annexure-"I"**पर हैं ।

बोलीदाता के हस्ताक्षर
मयसील एवं दिनांक

GOVERNMENT OF RAJASTHAN
Department of Information Technology & Communication

**Annexure-"I"**

Observation/ view/ minimum technical specification suggested by Dept. of IT&C for **"Procurement of Computer Hardware & Allied Items"** submitted by **SI&PF Dept.** are as mentioned below:

**1. Desktop Computer (i5):**

| Item | Minimum Technical Specification |
|---|---|
| Processor | Intel i5 (12th Generation **or higher**) with minimum 2.50 GHz or higher (Base Frequency), 18 MB Cache or higher |
| Chipset | Compatible Chipset |
| Motherboard | OEM Motherboard |
| Operating System | Pre-installed Genuine OEM Microsoft Windows 11 **or higher** Professional/ Home (64 bit) with OEM recovery partition/ recovery DVD |
| Graphics | Integrated Graphics |
| Memory (RAM) | 8 GB DDR4 with minimum 2 DIMM Slots, Expandable upto 32 GB |
| Storage | 512 GB SSD |
| Optical drive | DVD R/W |
| Ports | Minimum 6 USB ports with at least 2 USB 3.0 or higher ports, HDMI, audio jack for headphone & microphone |
| Display | Minimum 21.5" inch or higher, Resolution 1920x1080 or higher Display, TCO Certified |
| Antivirus | Preloaded (Latest Version) Internet Security of Trend Micro/ Quick Heal/ Symantec/ Sophos/ Kaspersky |
| Keyboard & Mouse | OEM USB Keyboard & OEM USB two button optical Mouse With mouse Pad |
| Network Interface | Integrated 10/100/1000 GB Ethernet |
| Certification | RoHS Compliance, OEM certification for preloaded Operating System |
| Accessories | All necessary cables (Power & data cables), 3 Mtr CAT 6 patch cord |

**2. Desktop Computer (All in One PC):**

| Item | Minimum Technical Specification |
|---|---|
| Processor | Intel i5 (12th Generation **or higher**) 6 Core or higher, with minimum 2.5 GHz or higher (Base Frequency), 18 MB Cache or higher |
| Chipset | Compatible Intel Chipset |
| Motherboard | OEM Motherboard |
| Operating System | Pre-installed Genuine OEM Microsoft Windows 11 or higher Professional (64 bit) with OEM recovery partition/ recovery DVD |
| Graphics | Integrated Graphics Card |
| Memory (RAM) | 8 GB DDR4 with minimum 2 DIMM Slots, Expandable up to 64 GB |
| Storage | 512 GB SSD |
| Optical drive | DVD R/W |
| Ports | Minimum 5 USB ports with at least 2 USB 3.0 ports, HDMI, 1 DP port audio jack for headphone & microphone, type C port |
| Display | Minimum 21" inch or higher, Resolution 1920x1080 or higher Display, TCO Certified |
| Keyboard & Mouse | OEM USB Keyboard & OEM USB two button optical Mouse With mouse Pad |
| Certification | RoHS Compliance, BIS, ISO for OEM |
| Camera (Built in): | Full HD IR Camera |
| Speaker And Microphone | Integrated audio controller with internal speakers; Integrated Dual Array Microphone |
| Network Interface | Integrated 10/100/1000 GB Ethernet |
| Antivirus | Preloaded (Latest Version) Internet Security of Trend Micro/ Quick Heal/ Symantec/ Sophos/ Kaspersky |
| Accessories | All necessary cables (Power & data cables), 3 Mtr CAT 6 patch cord |

### 3. Ink Tank Printers (Black):

| Item | Minimum Technical Specifications |
|---|---|
| Type | Ink Tank, Monochrome |
| Print Speed | 25 PPM |
| Functions | Print |
| Duty Cycle (Monthly) | 10000 Pages |
| Print Resolution | 600 x 600 dpi |
| Duplex Printing | Auto |
| Port | USB, Ethernet, WIFI |
| Pre-installed ink bottle with yield | 1 Black ink bottle with minimum 5000 pages yield |
| Tray | Input Tray : Min 100 sheets<br>Output Tray: Min 100 Sheets |
| Certification | BIS, ISO for OEM |
| Processor | 500 MHz or higher |
| Memory | 256 MB or higher |
| Operating System | Windows and Linux |

### 4. Document Scanner

| Item | Technical Specifications |
|---|---|
| Pick up device | 1/2.7" CMOS Sensor |
| Effective Pixels | 1920 x 1080 , 2 megapixel |
| Output | SVGA to WXGA, HDMI and Higher |
| White Balance | Auto |
| Exposure | Adjustable |
| Brightness | Adjustable |
| Maximum Capture Area | 11.7" x 20.7" at 1080 p |
| Zoom | 16x digital zoom |
| Camera Head Rotation | 90 degree (vertical and horizontal) |
| Interface | HDMI, Computer In (VGA), Display Out (VGA)<br>USB-B (for connection to PC/Mac)<br>SD Card Slot1 |
| OS Compatible | Windows® 7, Windows 8, Windows 10, Windows Vista®<br>Mac OS X® 10.7.x, 10.8.x, 10.9.x, 10.10.x, 10.11.x<br>Driver TWAIN (for Windows)<br>Dimensions (W x D x |
| Saving Format | Still Image: JPG, BMP, PNG<br>Video (Windows): AVI<br>Video (Mac): MOV<br>Other: PDF, EIT |
| Functions | Rotation, Zoom (+, -, selectable, x1), Auto Focus, Freeze, Record, Time-lapse, Picture Control (Brightness, Contrast, White Balance, Auto White Balance) |
| Warranty | 3 Years onsite OEM warranty (Same has to be mentioned in OEM MAF) |
| BIS | Yes |
| Service Centres | OEM should have minimum 20 service centre across Rajasthan |

# कार्यालय अतिरिक्त निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग,संभाग कोटा

## खुली प्रतियोगी बोली–प्रपत्र (वित्तीय बोली)

(उपापन संख्या......../2022–23)

**कार्य का नामः– कार्यालय में कम्प्यूटर एवं प्रिन्टर आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य 2022–23**

1. बोलीदाता का नाम व स्थाई पता, दूरभाष संख्या एवं ई–मेल पता ..............................................................................

________________________________________________

________________________________________________

..............................................................................................................................................

(राशि रू. में)

| क्र. सं. | सामग्री/सेवा का विवरण एवं विशिष्टियॉं | सामग्री की अनुमानित मात्रा | इकाई | दर प्रति इकाई | वस्तु एवं सेवा कर की दर प्रतिशत | कर रहित कुल मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | **कार्यालय में कम्प्यूटर, प्रिन्टर एवं स्कैनर आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य 2022–23** | | | | | |
| 1. | Desktop Computer All in One PC | 01 | संख्या | | | |
| 2. | Ink tankPrinter (Black) | 01 | संख्या | | | |

**टिप्पणी** :–सामग्री/उपकरणों का अनुमानित मूल्य समस्त करों एवं गैर कर देयताओं सहित है जिसमें कार्यालय में आपूर्ति एवं स्थापना के समस्त व्यय भी सम्मिलित हैं ।

बोलीदाता के हस्ताक्षर
मयसील एवं दिनांक

# कार्यालय अतिरिक्त निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग,संभाग कोटा

(उपापन संख्या......../2022–23)

## बोलीदाता के लिए निर्देश

### कार्यालय में कम्प्यूटर एवं प्रिन्टर आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य 2022–23

1. बोली के अनुसार अनुबन्ध में अंकित सामग्री/सेवा की इकाईयों की संख्या घटाई–बढ़ाई जा सकती है। उपापन की योजना के अनुसार आपूर्ति एवं स्थापना हेतु अनुमानित मूल्य समस्त करों/गैर कर एवं राजकीय देयताओं सहित **अधिकतम वित्तीय सीमा है ।**
2. राज्य की ई–गवर्नेन्स मिशन टीम (एस.ई.एम.टी.) से अनुमोदित विषयवस्तु की विस्तृत विशिष्टियॉं बोली प्रपत्र के साथ संलग्न**Annexure-"I"**पर उपलब्ध हैं जिन्हें बोलीदाता ध्यानपूर्वक अध्ययन कर तकनीकी बोलियॉं प्रस्तुत करें । तकनीकी बोली पर किसी प्रकार की दरों का अंकन नहीं करें अन्यथा बोली व्यर्थनीय होगी ।
3. दरों में किसी भी प्रकार के जी.एस.टी को सम्मिलित नहीं किया जावें। सामग्री एवं कर की दर आदि स्पष्ट रूप से बी. ओ.क्यू./वित्तीय प्रपत्रपर प्रारूपानुसार अंकित करें।
4. मूल निर्माता कम्पनी या कम्पनी का प्रथम अधिकृत विक्रेता ही बोली मे भाग लेवें तथा निर्माता कम्पनी का प्राधिकार प्रमाण पत्र संलग्न करें। बोलीदाता फर्म का वस्तु एवं सेंवा कर/वाणिज्य कर विभाग में पंजीयन होना आवश्यक है ।
5. निर्धारित तिथि व समय के बाद प्राप्त किसी भी बोली को स्वीकार नहीं किया जावेगा।
6. **बोली तथा बोली के किसी भी भाग को उपापन समिति द्वारा बिना कारण बताये आंशिक अथवा पूर्णत संशोधित/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार रहेगा। समिति का निर्णय अन्तिम एवं सभी पक्षकारों को मान्य होगा ।**
7. किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र कोटा रहेगा।
8. सशर्त बोली मान्य नहीं होगीं।
9. समस्त आइटम में न्यूनतम दरदाता एवं वांछित उच्चतम गुणवत्ता को ही प्राथमिकता दी जाएगी। सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उपक्रम एवं स्थानीयता पर गुणवत्ता तथा दरौचित्य को ध्यान में रखते हुए नियमानुसार समिति विचार करेगी ।
10. सामग्री/सेवाकी विषयवस्तु केव्यवसाय में लगे सद्भावी व्यवहारियों की बोली के अतिरिक्त प्राप्त व्यर्थनीय बोलियों पर विचार नहीं किया जावेगा।
11. बोली दाता को निर्धारित प्रपत्र में तकनीकी बोली एवं वित्तीय बोली अलग–अलग सीलबन्द लिफाफों में बोलियॉं प्राप्त करने की निर्धारित को प्रस्तुत करनी होगी। तकनीकी बोली के लिफाफे पर कार्य का नाम, तकनीकी/वित्तीय बोली, बोली प्रपत्र शुल्क एवं बोली प्रतिभूति का अंकन तथा बोलीदाता का पूर्ण नाम एवं पता अंकित करना अनिवार्य है ।
12. **बोली प्रपत्र शुल्क एवं बोली प्रतिभूति राशि का ई–चालान/डी.डी./बैंकर चैक बोलियॉं पेटी में डालने से पूर्व रोकड़पाल के पास जमा करावें ।**
13. बोली प्रपत्रों कोवेबसाईट www.sppp.raj.nic.inसे डाउनलोड किया जा सकता है। बोलीदाताओं द्वारा नियमानुसार पूर्णरूप से भरी गई बोलियॉंबोली प्रपत्र शुल्क एवं बोली प्रतिभूति प्रस्तुत कर पेटी में डाली जानी चाहिये । यदि बोलीदाता बोली की वैधता अवधि में अपनी बोली अथवा शर्तो में किसी प्रकार का संशोधन करता है अथवा अपनी बोली वापस ले लेता है तो उसकी बोली प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जाएगी।
14. समस्त बोलीदाता बोली के सभी प्रपत्रों में आवश्यक सभी सूचनाओं को सम्पूर्ण रूप से भरें।
15. बोली की अन्य सभी शर्ते सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम तथा राजस्थान लोक उपापन में पारदर्षिता नियम 2013 के अध्यधीन होगी।
16. यदि तकनीकी सदस्य द्वारा तकनीकी बोली खोलने के उपरान्त सामग्री/सेवा का प्रदर्शन (Demonstration) चाहा जाये तो अधिकतम 7 दिवस की कालावधि में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, इसके अभाव में बिना कोई अवसर दिये हुये बोली निरस्त समझी जायेगी। अत्यन्त आपवादिक परिस्थितियों में अधोहस्ताक्षरकर्त्ता की पूर्वानुमति से इसे 3 दिवस और आगे बढ़ाया जा सकेगा। तकनीकी समिति इस अवधि में प्रदर्शन लेने हेतु बाध्य होगी। यदि तकनीकी समिति द्वारा विहित अवधि में प्रदर्शन नहीं लिया जाता है तो माना जायेगा कि तकनीकी समिति द्वारा प्रदर्शन बिना ही तकनीकी बोली मान्य कर दी गई हैं।
17. बोली वैधता की अधिकतम समयसीमा खोलने की दिनांक से 90 दिवस होगी ।

(दीपिका मित्तल)
अतिरिक्त निदेशक,
राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग,
संभाग, कोटा

# कार्यालय अतिरिक्त निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग,संभाग कोटा

(उपापन संख्या......../2022–23)

## कार्य की शर्तें

### कार्यालय में कम्प्यूटर एवं प्रिन्टर आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य 2022–23

1. सफल घोषित बोलीदाता को अभिमत का पत्र जारी होने के पश्चात् नियमानुसार अविलम्ब रू. 500/–के नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पर **अनुबन्ध की सामान्य एवं विशेष शर्तें** हस्ताक्षरित करनी होंगी तथा अनुबन्धित राशि का 5 प्रतिशत नियमानुसार ई–चालान/डी.डी./बैंकर चैक कार्य सम्पादन प्रतिभूति हेतु कार्यालय में जमा करना होगा । सम्पादन प्रतिभूति का पुनर्भुगतान वारण्टी अवधि के सफलतापूर्वक पूर्ण होने के पश्चात् तकनीकी सदस्य की सिफारिश पर किया जावेगा ।
2. कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की क्षति की पूर्ति के लिए आपूर्तिकर्त्ता स्वंय जिम्मेदार होंगें।
3. सफल बोलीदाता बोली अथवा उसके किसी भी भाग को किसी अन्य पक्षकार को सबलेट नहीं करेगा।
4. बोली में यदि कोई Item DGS&D /Gem portal /Departmental R.C./Proprietary Item, आदि होने की स्थिति में या आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा की स्थिति में आंशिक अथवा पूर्णतः उपापन करने का पूर्ण अधिकार उपापन समिति को होगा।
5. कार्यादेश की दिनांक से **20 दिवस** के अन्दर अनुमोदित **आपूर्ति कार्यालय में**सुनिश्चित करनी होगी । विलम्ब की स्थिति में नियमानुसार शास्ती वसूली होगी । उचित कारणों से विलम्ब होने पर समयवृद्धि के लिए अवधि समाप्ति से पूर्व कारण सहित आवेदन करना होगा । कारणों से सन्तुष्ट होने पर उपापन समिति समयवृद्धि प्रकरण पर विचार कर सकती है । उपापन समिति का निर्णय अन्तिम एवं मान्य होगा ।
6. **जी.एस.टी./आयकर अथवा कोई भी अन्य राजकीय वसूली की कटौती भुगतान दावे/जमा राशि में से नियमानुसार की जावेगी ।**
7. **अनुमोदित गुणवत्ता** एवं नमूने से भिन्न आपूर्ति/क्षतिग्रस्त आपूर्ति स्वीकार नहीं की जावेगी तथा आपूर्ति अवधि में विलम्ब की स्थिति में नियमानुसार विलम्ब अवधि के अनुपात में शास्ती आरोपित कर वसूली की जावेगी ।
8. **वॉरन्टी अवधि 3 वर्ष रहेगी** और वॉरन्टीअवधि में संवेदक स्वप्रेरण अथवा दूरभाष सूचना पर अविलम्ब अथवा अधिकतम 6 घण्टे के अन्दर–अन्दर खराबी को ठीक करेगा ।
9. कार्य पूर्णता पर तकनीकी सदस्य की सिफारिश/सत्यापन के अनुसार निर्धारित प्रक्रिया से उपापन योजना में स्वीकृत मद में उपलब्ध बजट/राशि में से दावे का भुगतान किया जावेगा । कार्य/**गुणवत्ता प्रमाणन सत्यापन** हेतु उत्तरदायी **तकनीकी सदस्य की सिफारिश** के अनुसार नियमानुसार भुगतान में से **पूर्णतः/आंशिक कटौती/स्थगन**किया जा सकेगा ।
10. किसी प्रकार की गम्भीर **पीड़ा/अन्याय** का अनुभव होने की स्थिति में अतिआवश्यक होने पर पीड़ित पक्ष को नियमानुसार निर्धारित शुल्क जमा करने पर अपीलीय अधिकार होंगे ।
11. उपापन संस्था का उद्देश्य अपने प्रशासकीय कार्यों को सुचारू एवं सुव्यवस्थित बनाये रखना है । किसी भी पक्षकार द्वारा संस्था के उद्देश्य प्राप्ति में अनावश्यक विध्न–बाधा पैदा कर कार्यबाधित एवं विलम्बित करने की स्थिती में नियमानुसार कार्यवाही कर कार्यबाधित/भावी व्यवहारों हेतु काली सूची में घोषित कर राजकीय हानि की क्षतिपूर्ति की कार्यवाही की जावेगी ।
12. अन्य नियम एवं शर्तें जी.एफ.एण्ड ए.आर. , आर.टी.पी.पी. एक्ट एण्ड रूल्स तथा समय–समय पर जारी होने वाले सरकारी आदेश एवं अधिसूचनाओं आदि से शासित होंगे जो पक्षकारों को मान्य होंगे ।

(दीपिका मित्तल)
अतिरिक्त निदेशक,
राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग,
संभाग, कोटा

# कार्यालय अतिरिक्त निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग,संभाग कोटा

(उपापन संख्या......../2022–23)

### कार्यालय में कम्प्यूटर एवं प्रिन्टर आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य 2022–23

### बोलीदाता द्वारा की जाने वाली घोषणा

मैने/हमने उपापन संस्था द्वारा जारी की गई बोली सूचना संख्या............/2022–23में वर्णित एवं बोली प्रपत्र के साथ संलग्न बोली तथा अनुबन्ध की सामान्य एवं विशेष शर्तो को स्वीकार करने के साक्ष्य के रूप में हस्ताक्षर किये हैं जिन्हें मैं/हम मानने के लिये बाध्य हूँ/हैं।

दिनांकः–

बोलीदाता के हस्ताक्षर मय सील

### बोलीदाता द्वारा की जाने वाली घोषणा

यदि मेरे/हमारे द्वारा प्रस्तुत किए गये कोई भी तथ्य/सूचना गलत पाये जाते हैं तो उपापन संस्था को बिना किसी पत्र/नोटिस के मेरी/हमारी सुरक्षा राशि जब्त करने एवं नियमानुसार कार्यवाही करने का पूर्ण अधिकार प्रदत्त करता हूँ/करते हैं।

दिनांकः–

बोलीदाता के हस्ताक्षर मय सील एवं दिनांक

नाम....................................................

पत्र व्यवहार का पता............................

.............................................................

.............................................................

मोबाईल नम्बर....................................